ARCANUM®

डच फाउंडेशन

(STAK फ़ाऊंडेशन पर विशेष ध्यान और अक्सर पूछे जानेवाले प्रश्नों के सहित)

द्वारा डॉ हेनरी जे □□□ □□. □□□□□□ □□□□□□

विषय - सूची

I परिचय, पृष्ठ २
II नीदरलैंड को चुनने के लिए कुछ कारण, पृष्ठ 4
III डच फ़ाऊंडेशन को चुनने के लिए कुछ कारण, पृष्ठ 4
IV डच स्टॅक फ़ाऊंडेशन या प्रमाणन, पृष्ठ 5
V. स्टॅक फ़ाऊंडेशन का डच कराधान, पृष्ठ 6
VI. स्टॅक फाउंडेशन का निष्कर्ष, पृष्ठ 7
VII. अक्सर पूछे जानेवाले प्रश्न (एफएक्यू), पृष्ठ 7

-

द्वारा डॉ हेनरी जे □□□ □□. □□□□□□ □□□□□□, □□□ □□. □□□□□□ □□□□□□ एटोर्नी और टैक्स सलाहकार
एम्स्टर्डम में फ़र्स्ट इनस्टंस के न्यायालय और अपील की न्यायालय में अधिवक्ता
एम्सटर्डम बार और डच बार के सदस्य
NVAB के सदस्य (Nederlandse Vereniging Van Advocaten -Belastingkundigen (डच एसोसिएशन के अधिवक्ता – टॅक्स विशेषज्ञ)
आईएजी इंटरनेशनल, जो दुनिया भर की स्वतंत्र पेशेवर फर्मों की एसोसिएशन है, उसके सदस्य
सेंटर फ़ॉर इंटरनेशनल लीगल स्टडीज की कांग्रेस के, चार्टर सदस्य

अस्वीकरण: इस लेख को सलाह के रुप मे नही समझ सकते है और लेखक इस लेख के लिए कोई दायित्व स्वीकार नहीं करता है। सभी मामलों में, कोई कारवाई करने से पहले, विशिष्ट कानूनी और कर सलाह प्राप्त करनी होगी।

© 2015 हेनरी जे □□□ □□. □□□□□□ □□□□□□ । सर्वाधिकार सुरक्षित। इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा लेखक की लिखित अनुमती के बिना किसी भी रूप में या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, या अबतक के जाने गए या बाद में खोजे गए अन्य साधनों, जिनमें फोटोकॉपी और रिकॉर्डिंग, या किसी भी जानकारी का भंडारण या पुनर्प्राप्ति प्रणाली भी शामिल है, पुनर्मुद्रित या पुनर्प्रकाशित नहीं किया जा सकता है।

I. प्रस्तावना

कई अन्य परिष्कृत कानूनी प्रणालियों की तरह, डच कानून, कानूनी इनस्ड्रुमेण्ट्स की विस्तृत विविधता प्रदान करता है जिनमें किसी के व्यवसाय या अन्य गतिविधियों को ढाला जा सकता है।सिद्धांत रूप में, कोई भी अपना इनस्ड्रुमेण्ट चुनने के लिए स्वतंत्र है। इसलिए,लोगों के पास इस जीनस की एक निश्चित प्रजातियों के लिए प्राचीन इनस्ड्रुमेण्ट को चुनने की और इसके समुचित संगठन और प्रशासन पर फ़ैसला करने की स्वतंत्रता है। बेशक, इसे सामान्य कानूनी ढांचे के अनुसार किया जाना चाहिए। डच फाउंडेशन (Stichting) मुख्य रूप से डच नागरिक संहिता पुस्तक 2, शीर्षक 6 में लेख 285-304 से नियंत्रित होता है। फ़ाऊंडेशन एक इकाई है जो किसी के स्वामित्व में नहीं है। डच कानून अब तक डच कानून फ़ाईंडेशन की जीनस के कम से कम निम्नलिखित प्रजातियों को जानता है : क। एक सामान्य धर्मार्थ उद्देश्यवाले फ़ाऊंडेशन जो वित्त के अनुसार धर्मादायी फ़ाऊंडेशन कहलाने के पात्र हों (" ANBI ") ; ख। एक सामान्य सामाजिक उद्देश्यवाले फ़ाऊंडेशन जो वित्त के अनुसार सामाजिक वस्तुओं के फ़ांऊंडेशन कहलाने के पात्र हों (" 'SBBI")। ग. StichtingAdministratiekantoor, आमतौर पर वित्त 'के रूप में' पारदर्शी ', क्योंकि इसे सौंपी गई संपत्ति के यह फ़ाऊंडेशन आर्थिक रूप से हकदार नहीं है (□STAK")। घ. अन्य फ़ाऊंडेशन जो ऊपर के किसी के भी पात्र नहीं है। ये फ़ाऊंडेशन अपना उद्देश्य प्राप्त करने के लिए व्यावसायिक गतिविधि, चला रहे हो सकते हैं। इस श्रेणी में मिश्रित फ़ाऊंडेशन भी आते हैं जो (अब) ANBI के रूप में पात्र नही हैं या जिनकी " पुरानी " संपत्ति है, या संपत्ति विदेश में है।

फ़ाऊंडेशन को तुरंत बनाया गया है -डच केंद्रीय या स्थानीय सरकार के अनुमोदन को पहले से प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना - और डच नोटोरियल डीड ऑफ़ फ़ॉरमेशन द्वारा अपना पूरा कानूनी व्यक्तित्व और सीमित देयता तुरंत प्राप्त कर लेता है। कभी कभी लंबी प्रक्रियाओं के कारण लगनेवाले समय के बावजूद गठन और चैंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापार रजिस्टर में, पंजीकरण एक दिन में किया जा सकता है। कानूनी क्षमता वाला किसी भी राष्ट्रीयता का कोई भी व्यक्ति इसका प्रमोटर हो सकता है। आमतौर पर एक डच लाइसेंस प्राप्त ट्रस्ट कार्यालय इस तरह का कार्य करता है। गठन का नोटोरियल डीड, गठन स्थापित करता है और विधियों या अपनी गतिविधियों को संचालित करने के लेख का उल्लेख करता है और इसके पहले निदेशक(कों) का भी उल्लेख करता है। कानूनी क्षमता वाला, किसी भी राष्ट्रीयता का, कोई भी व्यक्ति इसका निर्देशक हो सकता है। टैक्स कारणों के लिये एक पेशेवर डच निवासी को निर्देशक बनाना विवेकपूर्ण होगा। केवल डच सेंट्रल बैंक लाइसेंसधारी ट्रस्टीज इस तरह के रूप में कार्य कर सकते हैं। विधियों और प्रबंधन समझौते में निर्धारित किन शर्तों के तहत किसे नियुक्त किया जाना चाहिए इसपर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

फ़ाऊंडेशन के आर्टिकल्स डच में होने चाहिए। उसमें उपनियम हो सकते हैं, जो डच या किसी भी अन्य भाषा मे हो सकते हैं और इन्हें एक डच नोटरी विलेख में निर्धारित या चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ प्रकाशित किया जाना आवश्यक नही है, इसलिए यें, सिद्धांतिक रूप में गोपनीय रहते हैं। डच नागरिक संहिता के आर्टिकल 2:289 के अनुसार, फ़ाऊंडेशन को डच व्यापार रजिस्टर में जैसा है वैसे ही पंजीकृत किया जाएगा। फ़ाऊंडेशन को संस्थापक या संस्थापकों के उपनाम, पहला पूर्ण नाम और निवासस्थान या नवीनतम निवासस्थान को रजिस्टर करना होगा। साथ ही, आर्टिकल्स ऑफ़ असोसियेशन[2] शामिल इनकारपोरेशन के डीड की एक प्रामाणिक प्रतिलिपि या उसके सारांश की प्रामाणिक प्रतिलिपि को भी रजिस्टर करना होगा। यदि इसे नज़रअंदाज किया तो, फ़ाऊंडेशन का कानूनी दायित्व भी निर्देशकों का व्यक्तिगत दायित्व बन जाता है[3]।

----

2 आर्टिकल 5 उप एक Handelsregisterwet 2007।

3 आर्टिकल 2: 289 पैरा 1, डच नागरिक संहिता।

आर्टिकल्स ऑफ़ असोसिएशन में फ़ाऊंडेशन का नाम शब्द "Stichting" के साथ लिखा जाना चाहिए।तथा फ़ाऊंडेशन के उद्देश्य; जिस प्रकार से निर्देशकों को नियुक्त किया गया है और निकाला गया हैं, वह प्रकार, और नीदरलैंड में स्थित नगर पालिका जो एक नियम के रूप में नीदरलैंड में ही रहेगी और जहां फाउंडेशन की वैधानिक सीट है,इन्हें भी लिखा जाना चाहिए। क्योंकि यह समावेश प्रणाली और फ़ाऊंडेशन के विघटन के बाद किसी भी अधिशेष गंतव्य पर या जिस प्रकार से गंतव्य निर्धारित किया जाना है, उस पर लागू होता है[4]। एक ANBI फ़ाऊंडेशन के मामले में यह एक और इसी तरह का फ़ाऊंडेशन होना चाहिए। नोटरी को संस्थापकों / निदेशकों के प्रति व्यक्तिगत दायित्व के दंड पर इन आवश्यकताओं की देखभाल करनी होगी[5]।

एक फ़ाऊंडेशन एक धर्मार्थ या कोई अन्य, यहां तक कि वाणिज्यिक, उद्देश्य की सेवा कर सकता है[6]।
वाणिज्यिक गतिविधियों को सिद्धांतिक रूप में कॉर्पोरेट आय कर के साथ लगाया जाएगा। कानून,प्रमोटर या निर्देशक को धर्मार्थ उद्देश्यों के अलावा किसी भी अन्य उद्देश के लिए वितरण की अनुमति नहीं देता है।STAK फ़ाऊंडेशन के साथ कोई व्यक्ति व्यवहार में इस पहलू के साथ कैसे निपटता है यह हम नीचे देखेंगे।कम से कम एक या ज्यादा निदेशक एक फ़ाऊंडेशन का प्रतिनिधित्व करता है और उसका प्रशासन चलाता है। एक कानूनी व्यक्ति होने के नाते, एक फ़ाऊंडेशन, बैंक मे खाते खोल सकता है।

अगर व्यवसाय न चलाया गया हो तो, वहाँ लेखा परीक्षा या टैक्स रिटर्न दाखिल करने का कोई दायित्व नहीं है। अपने धन का प्रबंधन करना, एक व्यापार करना नहीं समझा जा सकता है। हालांकि, डच कानून के तहत हर फ़ाऊंडेशन, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत के बाद, छह महीने के अंदर, एक "आय और बोझ की स्थिति" तैयार करने के लिए ("Staat van Baten en lasten")बाध्य है। इसमें कोई प्रकाशन का दायित्व नही है। एक या एक से अधिक के कारोबार चलानेवाले फ़ाऊंडेशन, या वें फ़ाऊंडेशन जिनका एक पर्यवेक्षी बोर्ड है, या जिनका पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान 4.4 मिलियन यूरो या अधिक का सालाना कारोबार हुआ हो, उन्हें डच नागरिक संहिता की बुक 2 धारा 9 की आवश्यकताओं के अनुसार वार्षिक लेखा जिसमें पूरी की जानेवाली मांगों में, निम्नलिखित बातें भीं हों, उन्हे प्रकाशित और दाखिल करने की आवश्यकता है:
- प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत के बाद 6 महीने के भीतर एक बैलेंस शीट बनी हुई हो.
- सभी व्यवसायों के लिए एक लाभ और हानी का स्टेटमेण्ट बना हुआ हो.
- उपरी स्टेटमेण्ट के साथ एक व्याख्यात्मक रिपोर्ट शामिल की गई हो;
- बोर्ड के प्रत्येक सदस्य के और एक अंतिम पर्यवेक्षी बोर्ड के प्रत्येक सदस्य के बैलेंस शीट पर हस्ताक्षर हों[7]

----

4 ANBI के संबंध में यहां विशेष ध्यान।

5 आर्टिकल2: 286 पैरा 1, डच नागरिक संहिता।

6 डच कर प्राधिकारी,धर्मार्थ उद्देश्यवाले फ़ाऊंडेशन को एक ANBI, एक उपहार और मृत्यु उपरांत कर लाभ के साथ "सामान्य लाभ के लिए संस्था", बनाने की घोषणा कर सकते है।

[7] आर्टिकल 2:10 पैरा 2 डच नागरिक संहिता आर्टिकल 2:360 पैरा 3 juncto 2:300 डच नागरिक संहिता.

वार्षिक खातों को निश्चित करने के पश्चात, उन्हें 8 दिनों के भीतर, लागू क्षेत्र के चैंबर ऑफ कॉमर्स को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इसे, बोर्ड को वार्षिक खातों की प्रस्तुति किए जाने के बाद 2 महीने के अंदर, किया जाना चाहिए।

7 आर्टिकल 02:10 पैरा 2 डच नागरिक संहिता। आर्टिकल 2: 360 पैरा 3 juncto 2: 300 डच नागरिक संहिता।

प्रभावी ढंग से, इसका मतलब है कि प्रत्येक जुलाई में (मान लें कि फ़ाऊंडेशन का वित्त वर्ष दिसंबर में समाप्त होता है) वार्षिक खातों को प्रकाशित किया जाना है। कुछ निश्चित परिस्थितियों में इस अवधि का विस्तार संभव है।

फिलहाल, एक नये बिल के लिए एक प्रस्ताव ("संकल्पना wetsvoorstel publicatieplicht stichtingen", 15-07-2010) तैयार किया गया है और अब, डच संसद में चर्चा के तहत है। अगर यह बिल, संसद द्वारा स्वीकार किया जाता हैं तो ऊपर वर्णित डच नागरिक संहिता पुस्तक 2 की धारा 9 के और अधिक जटिल नियमों की तर्ज पर एक प्रकाशन का दायित्व सभी फ़ाऊंडेशन पर लागू होगा। इस बिल की प्रभावी होने की तिथि 01 जनवरी 2016 सुझाई गई है।

इसके अलावा, एक फ़ाऊंडेशन, अपनी वित्तीय स्थिति और उसकी अकाऊंटिंग की किताबों का प्रशासन इस तरह से रखने के लिए बाध्य होता है कि किसी भी क्षण उसके अधिकार और कर्तव्य स्पष्ट हों[8]। इस प्रशासन को सात साल की अवधि तक के लिए उपलब्ध रखा जाना चाहिये।

II नीदरलैंड चुनने के कुछ कारण

हम नीदरलैंड को चुनने का और अन्य अधिकार-क्षेत्र को चुनने के बीच का भेद करते हैं। यद्यपि एक परिष्कृत फ़ाऊंडेशन शासन वाले अनेक देश हैं। तो फ़िर एक डच फ़ाऊंडेशन को क्यों चुनें, जबकि एक स्विस या एक लिकटेंस्टीन फ़ाऊंडेशन को भी चुना जा सकता है? जवाब यह है कि प्रत्येक मामले में निर्णय ग्राहक की विशिष्ट परिस्थितियों पर और संबंधित शामिल अधिकार-क्षेत्र में विकास, पर निर्भर करता है। निम्नलिखित टिप्पणियां डच फ़ाऊंडेशन के पक्ष में हैं। नीदरलैंड एक उच्च तकनीकवाला देश है, यह एक रणनीतिक स्थान पर स्थित है और इसे पश्चिमी यूरोप के लिए मुख्य प्रवेश द्वारों में से एक या मुख्य प्रवेश द्वार माना जाता है। यहां एक स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वातावरण है। यह एक अच्छी कानूनी प्रणालीवाला एक स्थिर देश है। इसमें एक अनुकूल कर-व्यवस्था है, विशेष रूप से जोत, वित्त पोषण और लाइसेंस कंपनियों और फ़ाऊंडेशन्स के लिए। नीदरलैंड में द्विपक्षीय डबल कर संधियों का एक व्यापक नेटवर्क है। इसमें भागीदारी में छूट है, क्वालीफाइंग सहायक कंपनियों से प्राप्त मुनाफ़े में छूट है। अगर कर लगाया जाता है तो 25% कंपनी आय कर की दर पर कर लगाया जाता है (EUR 200,000 से नीचे मुनाफा 20% कर के अधीन हैं)।

8 आर्टिकल 52 जनरल टैक्स कोड(AWR)

वहाँ से बाहर जाने वाले ब्याज और रॉयल्टी भुगतान पर कोई रोक नही है। हालांकि, विदेशी कॉर्पोरेट या व्यक्तिगत शेयरधारक के लिए ब्याज का भुगतान डच आयकर (और कभी कभी डच लाभांश रोक कर) के अधीन हो सकता है, लेकिन कई मामलों में डच डबल कर संधियां नीदरलैंड कराधान को इस अधिकार का प्रयोग करने के लिए रोकती हैं (या सीमित करती हैं)। डबल कर संधी के तहत घरेलू लाभांश रोक कर की 15% दर को कुछ स्थितीयो में 10.5% या यहां तक कि शून्य % तक कम किया जा सकता है। नीदरलैंड में द्विपक्षीय निवेश संरक्षण संधियों (BIT) का एक व्यापक नेटवर्क है। जब भी नीदरलैंड में एक इकाई स्थापित करने पर विचार करना हो तब डच BIT's भी एक कारक है जिसको ध्यान में रखा जाना चाहिए। नीदरलैंड की अपनी एक अच्छी प्रतिष्ठा है।

III डच फ़ाऊंडेशन को चुनने के लिए कुछ कारण

डच अधिकार क्षेत्र के भीतर हम Stichting और डच कॉर्पोरेट और कर कानून के अन्य इनस्ड्रुमेण्ट्स के बीच भेद करते हैं। डच कॉर्पोरेट और कर कानून के अन्य लचिले इनस्ड्रुमेण्ट्स,जैसे न्यू फ्लेक्स बी.वी., द एनवी, डच को-ऑप और डच लिमिटेड पार्टनरशिप, आदि की तुलना में Stichting इनस्ड्रुमेण्ट अत्यंत लचीला है। दूसरे, इसका गठन, अधिवास, प्रबंधन और प्रशासन की लागत आमतौर पर अधिक उचित हैं। तीसरा, यह अन्य इनस्ड्रुमेण्ट्स की तुलना में अधिक गोपनीयता प्रदान करता है और यह गतिविधियों के आयोजन के लिए बहुत अच्छी तरह से अनुकूल है, जैसा की नीचे दिए गए चतुर्थ में स्पष्ट हो जाएगा। यह किसी भी सीएफसी नियमों के अधीन नहीं है[9]। इसका प्रयोग संपत्ति की सुरक्षा और कर योजना के लिए लगभग एक आदर्श इनस्ड्रुमेण्ट के रूप में किया जा सकता है। हमे निश्चित रूप से पता है कि ऐसे अन्य अधिकार क्षेत्र भी हैं जहां इस तरह के एक अनुकूल फ़ाऊंडेशन का शासन होता हो।

जैसा कि उल्लेख किया गया है, सिर्फ यदि डच कर अधिकारियों द्वारा माना जाता है कि फ़ाऊंडेशन का एक व्यापार है तभी इस पर डच कॉर्पोरेट आय कर लगाया जाएगा। वैसे भी इसे डबल कर संधियों के तहत एक डच टैक्स निवासी माना जाता है। एक डच कर निवास प्रमाण पत्र, जारी किया जा सकता है। अगर कोई इसे डच बी.वी. के साथ जोडता है- जो संभव है,-जैसा कि नीचे समझाया जाएगा – सिध्दांत में लाभांश वितरण पर कोई डच लाभांश रोक कर (कोई कर संधि की आवश्यकता नही है) नही होगा, क्योंकि इसे पारदर्शी माना जाता है। टैक्स समेकन डच फ़ाऊंडेशन और डच बी.वी. के बीच टैक्स समेकन संभव है। डच मध्यवर्ती बी.वी. / डच फाउंडेशन के संयोजन द्वारा वसूला गया पूंजीगत लाभ के माध्यम से प्राप्त कोई भी लाभांश डच कॉर्पोरेट आय कर से मुक्त किया जाना चाहिए।

IV प्रमाणन या STAK फ़ाऊंडेशन

कानून, STAK के लिए कोई वर्णन या एक कानूनी ढांचा प्रदान नहीं करता है। एक उचित कानूनी ढांचा प्रमाणीकरण के कई वेरिएंट[10] को देखते हुए यह संभव नहीं होगा। आम तौर पर फ़ाऊंडेशन को नियंत्रित करनेवाले कानून के द्वारा निर्धारित इनस्ड्रुमेण्ट फ़ाऊंडेशन की सीमाओं को कोई पार नहीं कर सकता। कोई व्यक्ति दायित्वों के सामान्य कानून की सीमाओं, या डच कानून में व्याप्त "तर्कसंगतता और न्यायोचितता" ("redelijkheid en billiikheid"),की आवश्यकताओं को पार नहीं कर सकता। हांलाकि,प्रमाणन एक पुराना और परंपरागत साधन है।1971 में बी.वी.को कानूनी इनस्ड्रुमेण्ट के रूप में पेश किए जाने के काफ़ी समय पहले से यह अस्तित्व में था।1838 से मौजूद पुराने NV कानून के तहत यह अस्तित्व में आया था।

जहां तक STAK का प्रश्न है, हम कम से कम, व्यवहार में प्रयोग किए जानेवाले दो रूपों के बीच भेद कर सकते हैं जिन्हे हम "सरल STAK" और "बी.वी. STAK" कहेंगे। हमारे विचार से एक साधारण STAK एक डच फ़ाऊंडेशन है जो बी.वी. रहित या एक और सीमित कंपनी ना हो लेकिन वह STAK फाउंडशन की मालिकाना न्यासिक संपत्ति के लिए "प्रमाण पत्र" जिसे "निक्षेपागार अधिकार" ('डी.आर.") भी कहा जाता है, को जारी करता है। बी.वी. STAK वह डच फ़ाऊंडेशन होता है जिसके तहत डच बी.वी. होती है और वह फाउंडेशन द्वारा प्रशासित बी.वी. के मालिकाना न्यासिक शेयरों के लिए निक्षेपागार अधिकार जारी करता है। फ़ाऊंडेशन,प्रशासन कार्यालय की तरह कार्य करता है इसलिए नाम "Stichting Administratiekantoor", जिसे संक्षेप में "STAK"[11] कहा जाता है । जारी किए गए प्रमाण पत्रों को, प्रमाण पत्र धारकों के एक रजिस्टर में, फाउंडेशन द्वारा पंजीकृत किया जाता है। हमने ऐसी घटनाएं भी देखी हैं जिनमें STAK अवधारणा का प्रयोग एक विदेशी कानून फ़ाऊंडेशन के लिए किया गया हो जिसके तहत एक डच बी.वी.हो।

-----

9 सीएफसी शासन एक सीएफसी द्वारा अर्जित आय के स्थगन को समाप्त करता है। वे वर्तमान निवासियों पर उनकी एक सीएफसी की आय का आनुपातिक हिस्सेदारी पर कर लगाता है।

10 Kamerstukken I, 1984-1985, एन.आर.18 905, एन.आर.3, पृ. 15.

11 प्रशासन कार्यालय एक एन वी या एक बी.वी. या एक संघ हो सकता है।

हम यह देख नहीं पाते हैं कि यह भी क्यों संभव नहीं होगा। वहाँ एक डच फ़ाऊंडेशन भी हो सकता है जिसके तहत एक विदेशी कंपनी हो। प्रमाण-पत्र धारक या तो तटवर्ती या अपतटीय निजी व्यक्ति या कंपनियां हो सकती है।इसलिए, बी.वी. STAK फ़ाऊंडेशन, जीनस फ़ाऊंडेशन की एक प्रजाती है जो किसी कंपनी (बी.वी. या किसी अन्य) के निवेश या शेयर्स को कानूनी मालिक के रुप में धारण करती है, जबकि इन शेयर्स के आर्थिक हित किसी दूसरे के साथ निहित होते हैं।

इसलिए, डच STAK निर्माण का उद्देश और प्रभाव, संपत्ति या शेयर्स के कानूनी स्वामित्व से आर्थिक स्वामित्व को अलग करना हैं। यह विभिन्न स्थितियों में उपयोगी है, जैसे ऐसी संपत्ति की सुरक्षा के लिए एक आवश्यकता के रूप में, या एक परिवार के व्यवसाय के मामले में या शत्रुतापूर्ण अधिग्रहण के खिलाफ फ़ायरवॉल के रूप में या अवांछनीय कार्यकर्ताओं की भागीदारी के विरुध्द। अगर यह स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया हो तो प्रमाण पत्र धारकों को केवल बैठक में भाग लेने का अधिकार होता हैं और इन अधिकारों को भी उन लोगों से छिना जा सकता है[12]। केवल अगर यह स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया हो,तो प्रमाण पत्र धारक एक विवाद समाधान व्यवस्था कराने के हकदार होंगे।

यह तकनीकी रूप से कैसे काम करता है? Stak फाउंडेशन को संपत्ति या शेयर का मालिक बनने की आवश्यकता है। इसलिए,Stak फ़ाऊंडेशन ऐसी संपत्ति या शेयर्स के कानूनी मालिक (कों) के साथ एक समझौता करता है।और यह तय करता है कि संपत्ति या शेयर्स को Stak फ़ाऊंडेशन के कानूनी स्वामित्व में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।और अंतरणकर्ता के लाभ के लिए इन परिसंपत्तियों या शेयर्स का प्रशासन Stak फ़ाऊंडेशन द्वारा किया जाएगा। और साथ ही साथ Stak फाउंडेशन द्वारा ऍबस्ट्रॅक्ट- डिपॉजिटरी रसीदों (जिन्हे सर्टिफ़िकेट भी कहते हैं) को एक साथ जारी किया जाएगा। यह एक अनिवार्य समझौता है।

यह अनिवार्य समझौता, डच कानून (जो कॅज्यूअल प्रणाली में लागू होता है) के तहत किया जाएगा जिसमें संपत्ति या शेयर्स के कानूनी स्वामित्व का हस्तांतरण, डच नोटोरियल डीड के द्वारा किया जाएगा अगर संबंध्द शेयर्स किसी डच बी.वी. के शेयर्स हों तो।सैद्धांतिक रूप से जारी प्रमाण पत्र के हस्तांतरण में एक नोटोरियल डीड की आवश्यकता नहीं है। अंत में, फ़ाऊंडेशन और अंतरणकर्ता को बाध्यकारी प्रशासनिक नियम और शर्तें भी डीड में लिखी जाती हैं।

---

12 आर्टिकल 2.227 पैरा 4 BW

अत: कम से कम तीन डीड होती हैं।लेनदेन को बी.वी. की शेयरधारकों के रजिस्टर में और Stak द्वारा धारण किए गए निक्षेपागार प्राप्तियों के रजिस्टर में पंजीकृत किया जाता है। निक्षेपागार रसीद धारकों का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया जाता है।

जहां बी.वी. केवल एकमात्र शेयरधारक हो तब फ़ाऊंडेशन को बी.वी. शेयरों की एकमात्र मालिक के रूप में व्यापार के रजिस्टर में पंजीकृत किया जाता है। STAK संपत्ति या शेयर्स का कानूनी मालिक बन जाता है और स्वामित्व या वोटिंग अधिकारों का प्रयोग करता है। निक्षेपागार रसीद धारकों को आय या लाभांश प्राप्त होगा।

<u>V Stak फ़ाऊंडेशन के कराधान</u>

STAK इनस्ट्रुमेण्ट एक लंबे समय से, पहले से ही मौजूद है। इसलिए, STAK इनस्ट्रुमेण्ट की कर स्थिति अच्छी तरह से विकसित और स्पष्ट है। होल्डिंग निवेश या शेयर्स को एक व्यावसायिक गतिविधि नही समझा जाता है। आर्थिक दृष्टी से, जो हो

रहा है वह एक बिक्री के रूप में योग्य नहीं है और यह एक उपहार के रूप में भी योग्य नहीं है। Stak डच कर उद्देश्यों के लिए पारदर्शी माना जाता है।

इसलिए,Stak, डच कॉर्पोरेट आय के अधीन नहीं है और निक्षेपागार रसीद धारक, सिद्धांत रूप में डच आय या संपत्ति कर के लिए जिम्मेदार नहीं हैं (डच आयकर अधिनियम में एक छिपाया हुआ वेल्थ टैक्स शामिल हैं: बॉक्स III)। किसी लाभ या कॅपिटल गेन पर सामान्यत: केवल चालू वित्त वर्ष में लाभार्थी के निवासी देश के स्तर पर कर लगाया जाएगा।

मान लिया जाये कि निक्षेपागार रसीद धारक नीदरलैंड में निवासी नहीं हैं और व्यापार नहीं करता है या एक व्यापार का संचालन नही करता और नीदरलैंड में उसका स्थायी पतिष्ठान या एक स्थायी प्रतिनिधि नहीं है और निवेश नीदरलैंड में स्थित नहीं है, तो उस स्थिती में सिद्धांत में कोई डच कॉर्पोरेट आय कर या किसी अन्य कर की देयता नही होगी। लेकिन हम अक्सर क्या भूल जाते हैं उसे इंगित करते हैं: किसी भी राष्ट्रीयता का कोई व्यक्ति जो एक निजी व्यक्ति के रुप में एक बी.वी. में 5% धारक ("aanmerkelijk belang" or "substantial interest")हो,उसके द्वारा डच बी.वी. में शेयरों के किसी भी बिक्री पर 25% का पूंजीगत लाभ कर लगेगा।इसलिए,आयकर अधिनियम के बॉक्स 2 में लागू इस लेवी को रोकने के लिए अपने साधनों को वित्त के डच मंत्रालय द्वारा आवश्यक शर्तों के अनुरूप संरचित किया जाना है[13]।

VI निष्कर्ष

एक डच फ़ाऊंडेशन, बनाने और प्रबंधन के लिए, सस्ता और बहुत लचीला है और अब तक गुमनाम इनस्ट्रुमेण्ट है। एक Stak फ़ाऊंडेशन के माध्यम से निक्षेपागार प्राप्ति जारी करने से, मतदान और आर्थिक अधिकार अलग हो जाते हैं। Stak फाउंडेशन एक संपत्ति का सुरक्षा वाहन हो जाता है, स्वामित्व के प्रकटीकरण को सीमित करता है और यह एक उत्तराधिकार की योजना बनानेवाले वाहन के रूप में भी कार्य करता है।

VII अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

1. मैं एक डच **Stak** संरचना को कैसे प्राप्त कर सकता हूं**?**

उत्तर: आप Arcanum Management & Company Services B.V., trust@arcanum.amsterdam से संपर्क करें और एक Stak बनाने के लिए उन्हें निर्देश दे सकते हैं। वे इस अनुदेश को स्वीकार कर सकते हैं या नहीं भी कर सकते हैं, लेकिन अगर वें स्वीकार करते हैं,तो वे इसे केवल www.arcanum.amsterdam पर अपने मानक नियमों के लागू तहत स्वीकार करेंगे।

2. मुझे एक डच फ़ाऊंडेशन या डच Stak संरचना के लिए क्यों जाना चाहिए?

क्योंकि डच फ़ाऊंडेशन और डच Stak संरचना, लचीले और गोपनीय हैं।उनमें स्थिरता और निरंतरता है। बेहतर,आपको अपने आप के और परिवार के निवास स्थान पर एक अपतटीय केंद्र या एक प्रेषण आधार प्रणालीवाले एक देश में साथ गठबंधन करना चाहिए।

3. मुझे फ़ाऊंडेशन के अंदर एक बी.वी. की आवश्यकता क्यों है**?**

आप को नहीं है, लेकिन बी.वी. को डच दोहरे कराधान संधियों और डच द्विपक्षीय निवेश संरक्षण संधियों से लाभ मिल सकता हैं। यह भी एक विदेशी संस्था हो सकती है।

4. किससे चालान शुल्क लिया जाएगा?

चालान शुल्क बी.वी. से लिया जाएगा, जो डच वैट के साथ बढेगा लेकिन उसे सिद्धांत में वापस मांगा जा सकता है।लाभार्थी संयुक्त और पृथक रुप से भुगतान के लिए उत्तरदायी रहता है। आप बी.वी. के लिए इस दावे का भुगतान कर सकते हैं अगर बी.वी. खुद के पास अभी तक पैसा नहीं हो तो, उस मामले में आपका बी.वी. पर क्लेम रहता है या जारी किए गए और पेड अप शेयर पूंजी के साथ या एक ऋण के साथ बी.वी. को निधि दें। कोई न्यूनतम शेयर पूंजी की आवश्यकता नही है और न ही पूंजीगत कर की।

-----

13 देखें ab-verzamelbesluit dt. 04 सितंबर 2012/10.1 पैरा 4.5

5. एक डच Stak-संरचना की मानक लागत क्या होगी?

श्रेणी	किमत EUR	वैट 21%EUR	कुल लागत	टिपण्णी
फ़ाऊंडेशन और बी.वी. का निर्माण और अन्य आवश्यक डीड्स	3500	735	4235	फ़िक्स्ड
फ़ाऊंडेशन और बी.वी. के लिए बैंक खाते	2X1000(बैंक) 2X500(Arcanum)	210	3.210	बैंक पर आधारित
फ़ाऊंडेशन और बी.वी. का निवासस्थान स्थित करना और प्रशासन	7500	1.575	9.075	फ़िक्स्ड अतिरिक्त निदेशकEUR 3000+VAT
फ़ाऊंडेशन और बी.वी. का प्रशासन	7500	1.575	9.075	फ़िक्स्ड
कुल प्रथम वर्ष	19,500(Arcanum)	4.095(EUR 19.000 का 21%	23.595+2.000(बैंक)	
कुल अगला वर्ष	15.000	3.150	18.150	इंडेक्स्ड

6. मैं एक लाभार्थी कब होऊंगा?

अगर आपके पास 25% या उससे अधिक का अधिकार है तो।

7. ट्रस्ट कंपनी मेरे निर्देशों को सुनेगी?

अगर वे वैध हों तो अधिवास एवं प्रबंधन समझौते के तहत वे आपके निर्देशों को सुनेगी।

8. क्या मैं उन्हें किसी भी समय हटा सकता हूं ?

हाँ, आप हटा सकते हैं, लेकिन सामान्य रूप से नोटिस (3 महीने) की अवधि के पालन के तहत।

9. गठन में कितना समय लगता है?

अगर सभी आवश्यकताओं को विधिवत पूरा किया गया हो और गठन, अधिवास, प्रबंधन और प्रशासन के लिए चालान का भुगतान किया गया हो तो गठन कुछ दिनों में किया जा सकता है।

10. Stak फाउंडेशन के लिए एक रक्षक (एक एंग्लो अमेरिकन ट्रस्ट की तरह)को नियुक्त करना संभव है क्या ?

डच फ़ाऊंडेशन में रक्षक की नियुक्ति को सामान्य रुप से जाना नही जाता है । यह एंग्लोसेक्सॉन या अन्य ट्रस्ट कानून के तहत नियुक्त होता है और हॉलैंड, एक संधि के आधार पर विदेशी न्यासों को पहचानता है, लेकिन डच कानून के अपने आप में, विनियमित एक इनस्ड्रुमेण्ट के रूप में ट्रस्ट को नहीं जानता है। हॉलैंड में कोई औपचारिक ट्रस्ट कानून नही है। हम फिर भी Stak के उपनियमों में एक रक्षक के समान व्यक्ति को नियुक्त कर सकते हैं।

11. Stak उपनियम गुप्त हैं क्या?

सिद्धांत रूप में: जी हां। वे व्यापार रजिस्टर में प्रकाशित नहीं होते हैं।

12. क्या ड्यू डिलिजंस डॉक्यूमेण्ट्स गुप्त होते हैं?

सिद्धांत रूप में: जी हां। वे हमारे लिए गोपनीय रहते हैं।

13. क्या हम ड्यू डिलिजंस को बदल या छोड़ सकते हैं?

नहीं, हम नहीं कर सकते है क्योंकि यें डच सेंट्रल बैंक की आवश्यकताएं हैं जिनको विधिवत पूरा करने की आवश्यकता होती है।

14. क्या हमेशा मिलना आवश्यक है?
हमेशा मिलने के लिए सिफारिश की जाती है, लेकिन कुछ मामलों में हम एक उचित कारण स्वरुप एक सम्मानित विदेशी वकील या नोटरी द्वारा कि गई उचित ड्यू डिलिजंस के साथ संतुष्ट हो सकते हैं।

15. यह Stak में एक सह-निदेशक नियुक्त करना संभव है क्या?
अगर ग्राहक की इच्छा हो तो एक या अधिक सह निदेशकों को एक ही समय में डच निर्देशक नियुक्त किया जा सकता है जो समावेश के डीड में या बाद में होंगे। सभी निर्देशकों को व्यापार रजिस्टर में प्रकाशित किया जाएगा।

16. क्या मुझे या मेरे प्रतिनिधियों को पूरी तरह से अधिकृत किया जाएगा?
नहीं, क्योंकि ट्रस्ट कंपनी, क्या हो रहा है वह पता करना चाहेगी,पता करने के लिए बाध्य होगी और उस पर नियंत्रण करना चाहेगी।इसलिए वहाँ केवल संयुक्त सिगनेटरी पॉवर्स और वकील की विशेष पॉवर्स हो सकती हैं। पेशेवर निर्देशक निष्क्रिय नहीं होते हैं।

17. क्या हमें हर हस्ताक्षर के लिए अलग से भुगतान करना होगा?
नहीं, आपको नहीं। हस्ताक्षर की संख्या पर जो सहमति हुई थी, जब तक वह पार नही होती तब तक नही।

18. फ़ाऊंडेशन का अपना स्वयं का बैंक खाता हो सकता है क्या?
हाँ। नीदरलैंड में या विदेशों में। बैंकों का अपना स्वयं का ड्यू डिलिजंस होता है और विदेशी बैंक ड्यू डिलिजंस फीस शामिल नहीं हैं।

19. हम Stak में अपनी संपत्तियों को कैसे ला सकते है?
आप उन्हें उपहार के रूप में या पूंजी अंशदान के रूप में या किसी अन्य वैध लेनदेन के परिणाम के रूप में ला सकते हैं। डच गिफ़्ट टैक्स या पूंजीगत टैक्स देय नहीं होगा। डच अचल संपत्ति को लाने पर डच हस्तांतरण कर लागू होगा। यह 2 से 6% हो सकता है जो बिल्डींग के निर्माण और इसके उपयोग की प्रकृति पर निर्भर करता है। किसी भी विदेशी टैक्स पर नजर रखें।

20. पूंजी की एक न्यूनतम राशि की आवश्यकता है क्या?
फ़ाऊंडेशन या बी.वी. को न्यूनतम यूरो 1 चुकता पूंजी की आवश्यकता है।

21. अगर मेरी कंपनी का स्वामित्व Stak को स्थानांतरित होता है तो मेरी कंपनी को पुनर्गठित किया जाना चाहिए क्या?
यह विशिष्ट परिस्थितियों पर निर्भर करता है।

22. निक्षेपागार प्राप्तियों के धारकों के बीच लाभांश कैसे विभाजित होता हैं?
लाभांश या तो कानूनी निविदा में होगा जिसमें आपको एक बैंक खाते की आवश्यकता होगी या किसी के बदले में होगा,तब अतिरिक्त निक्षेपागार प्राप्तियों को जारी किया जा सकता है।

23. निक्षेपागार अधिकारों को नोटोरियल डीड के बिना जारी किया जा सकता है क्या?
यह संभव है अगर बी.वी. की विधियों और प्रशासन की स्थिति का मूल पाठ इसकी अनुमति देते हैं। आम तौर पर वे नहीं देते हैं।

24. क्या उन्हे नोटोरियल डीड के अलावा अन्य जगह स्थानांतरित किया जा सकता है?
ऊपर देखिए। यदि यह संभव है, तो स्थानांतरण का कोई प्रभाव नही होगा अगर इसे ट्रस्ट कंपनी के पूर्व अनुमोदन के बिना किया गया हो जैसे की अधिवास एवं प्रबंधन समझौते के तहत आवश्यक है।

25 निक्षेपागार प्राप्तियां गुमनाम होती हैं या व्यक्तिगत?
वे हमेशा व्यक्तिगत होती हैं। वे अमूर्त होती हैं और शारीरिक नहीं। धारकों के नाम निक्षेपागार नोट धारकों की एक गोपनीय निजी रजिस्टर में पंजीकृत होते हैं। नए डच कानून, जिसके 2016 में लागू होने की उम्मीद है उस के तहत कई विशिष्ट डच सरकारी संगठनों की शेयरधारकों के रजिस्टर तक पहुंच होगी जिसमें एक बी.वी./NV के शेयरधारकों के विवरण का भी उल्लेख करने की आवश्यकता होगी।

26. निक्षेपागार प्राप्तियों के धारक अपने अधिकारों का पता कैसे कर सकते हैं?
निक्षेपागार प्राप्तियों के लिए लागू प्रशासन की स्थिती में Stak और निक्षेपागार प्राप्तियों के धारकों के अधिकार और एक दुसरे के प्रति कर्तव्यों को लिखा गया है। इनको अपनी आवश्यकता के अनुसार बनाया जा सकता है।

यदि आपके पास कोई अन्य प्रश्न है तो कृपया हमसे सम्पर्क करें।

एम्सटर्डम, 19 नवंबर 2015।